**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–17.07.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कारों में झारखंड को मिले दो पुरस्कार, जमशेदपुर को स्वच्छ शहर श्रेणी में और बुंडु को प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर की श्रेणी में मिला सम्मान।**
2. **प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार में संलिप्त रहने का लगाया आरोप, कहा–भ्रष्टाचार मुक्त शासन के बगैर राज्य का विकास असंभव।**
3. **कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश दिल्ली से लौटे, कहा–पार्टी अलाकमान ने समन्वय बनाकर संगठन को मजबूत करने का दिया निर्देश।**
4. **रांची–पटना मुख्य मार्ग पर कोडरमा घाटी में भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत, दो अन्य गंभीर रूप से घायल।**
5. **और, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने रांची में राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का किया औपचारिक उदघाटन, संथाल परगना की टीम ने कोल्हान और पलामू को किया पराजित।**

*****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में विभिन्न श्रेणियों में 78 स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान किए। मध्य प्रदेश का इंदौर लगातार आठवें वर्ष सबसे स्वच्छ शहर का खिताब बरकरार रखा है। राष्ट्रपति ने तीन से दस लाख तक की आबादी वाले स्वच्छ शहरों में जमशेदपुर को तृतीय पुरस्कार से, जबकि बुंडू को प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर के रूप में सम्मानित किया। इस मौके पर राष्ट्रपति ने देशवासियों से देश को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित बनाने के लिए आगे आने का आग्रह किया।

गौरतलब है कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024–25 में जमशेदपुर को पांच सितारा शहरों की सूची में शामिल किया गया है। वहीं देवघर, जुगसलाई और चाकुलिया को वन स्टार रैंकिंग प्राप्त हुआ है। वाटर प्लस शहरों की सूची में जमशेदपुर को जगह मिली है, जबकि बुंडू, चिरकुंडा, राजमहल, साहिबगंज और देवघर को ओडीएफ प्लस प्लस की श्रेणी में रखा गया है।

*****************

पंचायत उन्नति सूचकांक विषय पर रांची में आज राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर पंचायती राज विभाग की निदेशक राजेश्वरी बी0 ने बताया कि वर्ष 2023–24 के आंकड़ों के आधार पर आज लोहरदगा, खूंटी और चाईबासा को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि पंचायतों में हुए विकास कार्यों के आधार पर सूचकांक तैयार किया गया है, जिसे भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। इसी के आधार पर पंचायतों और जिलों को विभिन्न श्रेणियां में सम्मानित किया गया।

*****************

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार में संलिप्त रहने का आरोप लगाया है। श्री मरांडी ने आज जामताड़ा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में जब तक भ्रष्टाचारमुक्त शासन नहीं होगा, तब तक राज्य का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में राज्य के एक मंत्री और कई अधिकारी जेल में बंद हैं।

*****************

रांची के तुपुदाना थाना क्षेत्र से पुलिस ने अफीम तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों के पास से करीब दो किलो अफीम और दोपहिया वाहन बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों तस्कर खूंटी के रहने वाले हैं।

*****************

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश दिल्ली में पार्टी के आलाधिकारियों के साथ राज्य में मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के साथ हुई बैठक के बाद रांची लौट आये हैं। उन्होंने रांची में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने संगठन सृजन के क्रियाकलापों पर संतोष व्यक्त किया है। श्री महतो ने बताया कि पार्टी आलाकमान ने समन्वय बनाकर संगठन को मजबूत बनाने का निर्देश दिया है।

*****************

रांची–पटना मुख्य मार्ग पर कोडरमा घाटी स्थित नौवां माइल के बन्दरचुआं के समीप आज शाम सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोडरमा के मेघातरी से एक दोपहिया वाहन पर सवार होकर चार युवकताराघाटी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक कंटेनर ने दोपहिया वाहन को अपनी चपेट में ले लिया।

*****************

गोड्डा जिले में सावन महीने को लेकर एक तरफ लोगों में उत्साह है, वहीं खरीफ फसल के उत्पादन को लेकर कृषि विभाग लक्ष्य के अनुरूप होने का दावा कर रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

*****************

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने रांची के खेलगांव में चौंसठवीं राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आज औपचारिक उदघाटन किया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। श्री सोरेन ने कहा कि खेल नीति में बच्चों को पढ़ाई के साथ–साथ खेल, व्यायाम, योग और संस्कृति से जोड़ने का काम किया गया है।

राज्यस्तरीय इस प्रतियोगिता में तीन वर्गों में मैच आयोजित किये जा रहे हैं। आज खेले गये मैच में संथाल परगना की टीम ने कोल्हान प्रमंडल को शून्य के मुकाबले दो गोल से पराजित किया, जबकि दूसरे वर्ग में पलामू प्रमंडल की टीम को एकतरफा मुकाबले में चार शून्य गोल से पराजित किया।

*****************

राज्य में तेज़ बारिश का सिलसिला अब कुछ थम सकता है और बारिश में कुछ कमी आने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र रांची की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से 3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। वहीं 21 जुलाई तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के आसार हैं।

***************